दिनांक 07 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

गौतमनगर में बनेगा व्यायाम शाला एवं वार्ड 38 के कर्मा प्रांगण में सभागार का होगा निर्माण, महापौर देवेंद्र यादव ने नागरिकों से कराया भूमिपूजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 36 गौतम नगर खुर्सीपार में व्यामशाला की स्थापना और शहीद वीर नारायण नगर में भक्त कर्मा माता भवन के प्रांगण में सभागार निर्माण के लिए महापौर एवं भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद , एल्डरमेन व क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में सुबह 10 बजे भूमिपूजन के लिए पहुंचे तथा समाज जनों एवं नागरिकों से कार्य का भूमि पूजन कराया। जोन 04 क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग स्थान पर महापौर द्वारा अधोसंरचना मद से दोनो स्थलों पर किए जाने वाले कार्य के लिए लगभग 10 लाख राशि की स्वीकृति प्रदान कराई गई है। क्षेत्र में व्यायामशाला और सभागार भवन बनने की पुरानी मांग पूरा होने से नागरिकों ने महापौर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर व विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने कहा कि जब वे इस वार्ड में आये थे तब यहां के युवाओं ने उनसे व्यायाम शाला के लिए मांग की थी! युवाओं की मांग को गंभीरता से लेते हुए उनके लिए जल्द ही वार्ड में व्यामशाला स्थापित करने के लिए आज भूमि पूजन किया गया है। इसके साथ ही खुर्सीपार क्षेत्र में साहू समाज के लोगों द्वारा भक्त माता कर्मा भवन प्रांगण में सभागार के लिए मांग किए थे। समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखकर श्री यादव ने शासन से राशि स्वीकृत कराकर आज भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान वहां के समाज जनों एवं नागरिकों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद सत्येन्द्र बंजारे , एल्डरमेन बबीता भैसारे, सुनील गोयल, डी. नागमणि, डी. कामराजू, एल आर साहू, मिलाप राम साहू, ईश्वरी साहू, पोषण साहू, रेख लाल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे! महापौर देवेंद्र यादव ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र के वार्ड में विकास कार्य के लिए और सुविधाओं के लिए लगातार प्रयासरत है तथा नागरिकों के मांग के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। महापौर श्री यादव निगम क्षेत्र का दौरा कर आम जन की समस्याओं को दूर करने लगातार प्रयासरत है। सप्ताहभर पूर्व ही खुर्सीपार क्षेत्र मे सड़क के डामरीकरण के मरम्मत कार्य का भूमिपूजन किया गया था।

मीरा सी महान, दुर्गा सी दक्ष दुष्ट दलनी ।
हे करूणामयी हमें शरण दो, माता दुख हरणी ।।
जगन्नाथ स्वामी ।
सुख सम्पति पावे ।।जय।।
जय कर्मा मइया......।
दान पेटी